# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH organised webinar on Guru Ravidas Jayanti

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 17-02-2022**

# गुरु रविदास से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता का संदेश हर घर तक पहुंचाना चाहिए: मंत्री विरेंद्र कुमार

### गुरु रविदास जयंती पर हकेंवि में कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़, 16 फरवरी (परमजीत, मोहन): गुरु रविदास जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में बुधवार को वैबिनार का आयोजन किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित इस वैबिनार में केंद्रीय सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्री विरेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ।



*गुरु रविदास जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री विरेंद्र सिंह।*

कार्यक्रम में मुख्यातिथि विरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर हर जगह विद्यमान है और हमें मानव व मानवता से प्रेम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भूमि वीर सपूतों की भूमि है। मैं यहां पर इस विश्वविद्यालय में जुड़कर अपने आपको युवा महसूस कर रहा हूं। इस विश्वविद्यालय ने थोड़े समय में जो तरक्की की है वह प्रशंसनीय है। इसका प्रमाण यहां देश के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के अध्ययनरत विद्यार्थी व 70 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित होना है। यह विश्वविद्यालय प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है।

मुख्यातिथि ने कहा कि विश्वविद्यालय व सरकार का एक ही लक्ष्य है कि किस तरह से अंत्योदय की भावना के साथ सभी का कल्याण किया जाए व सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सपने को साकार किया जाए। जो समाज में सबसे नीचे है उन्हें उन्नति का अवसर प्रदान करे। उन्होंने कहा कि हमने गुरु रविदास जी के विचारों को सौ प्रतिशत आत्मसात किया है और नेक नीयत के साथ न केवल हर वादों को निभाया है, वरन उससे भी आगे बढ़कर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं, चाहे वह खेल हो या अंतरिक्ष हो। हमें गुरु रविदास जी से प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता का संदेश हर घर तक पहुंचाना चाहिए।

### मानवता की सेवा करते हुए हम परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं: प्रो. टंकेश्वर

**कार्यक्रम** की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंत्री महोदय का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय गुरु रविदास जी के सपनों को पूर्ण रूप से साकार कर रहा है। हम सभी में परमात्मा विद्यमान है। जरूरत है उसे ढूंढने की। मानवता की सेवा करते हुए हम परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय सामाजिक संदेश देने में व सामाजिक जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि किस तरह से गुरु रविदास के सपनों को साकार किया जाए और सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिले तथा जिनको समाज में अभी तक उन्नति के अवसर नहीं मिले उनको आगे लाने के लिए विश्वविद्यालय विशेष प्रयास कर रहा है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय व मंत्री का परिचय प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने और कुलपति महोदय का परिचय प्रो. सारिका शर्मा ने दिया। वैबिनार के सफल आयोजन में प्रो. पवन कुमार मौर्य, डा. दिलबाग, निशान सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैबिनार में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 17-02-2022**

## हकेंविवि : गुरु रविदास जयंती पर किया वेबिनार

**महेंद्रगढ़।** गुरु रविदास जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंविवि) में वेबिनार का आयोजन किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा द्घस्त्र, वेबिनार में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री विरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विरेंद्र कुमार ने कहा कि ईश्वर हर जगह विद्यमान है और हमें मानव व मानवता से प्रेम करना चाहिए। विश्वविद्यालय ने थोड़े समय में जो तरक्की की है वह प्रशंसनीय है। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 17-02-2022**

## गुरु रविदास जयंती पर हकेंवि में वेबिनार, केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित

**महेंद्रगढ़** | गुरु रविदास जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुधवार को वेबिनार हुआ। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित इस वेबिनार में केंद्रीय सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर हर जगह विद्यमान है और हमें मानव व मानवता से प्रेम करना चाहिए। विवि का परिचय व मंत्री का परिचय प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने और कुलपति का परिचय प्रो. सारिका शर्मा ने दिया। मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अधिष्ठाता प्रो. चंचल कुमार शर्मा ने बताया कि वेबिनार के लिए लगभग 300 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य आलेख एस नायक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने किया। वेबिनार के सफल आयोजन में प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. दिलबाग, निशान सिंह ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेबिनार में विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# हरियाणा की भूमि वीर सपूतों की भूमि : विरेंद्र

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** गुरु रविदास जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में बुधवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित इस वेबिनार में केंद्रीय सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्री विरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन व आफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर हर जगह विद्यमान है और हमें मानव व मानवता से प्रेम करना चाहिए। हरियाणा की भूमि वीर सपूतों की भूमि है। इसका प्रमाण यहां देश के विभिन्न राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के अध्ययनरत विद्यार्थी व 70 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित होना है। यह विश्वविद्यालय प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंत्री महोदय का स्वागत करते हुए कहा कि यह विवि गुरु रविदास के सपनों को पूर्ण रूप से साकार कर रहा है।

## समाजहित में कार्य करें युवा : राव दान सिंह

**संवाद सूत्र, सतनाली :** संत शिरोमणि रविदास जयंती अवसर पर कस्बे के अंबेडकर पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय विधायक व पूर्व सीपीएस राव दान सिंह ने संत रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस दौरान पूर्व सीपीएस राव दान सिंह ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास समाज में फैले भेद-भाव, छुआछूत के जमकर विरोधी थे। इस दौरान एडवोकेट पवन शेखावत, कैलाशचंद नारनौलिया सहित अनेक गणमान्यजनों ने संत रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस मौके पर अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 17-02-2022**




महेंद्रगढ़। वेबिनार में भाग लेते केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र एवं कुलपति टंकेश्वर। फोटो : हरिभूमि

## गुरु रविदास जयंती पर केंद्रीय विवि में वेबिनार कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र ने लिया भाग

महेंद्रगढ़। गुरु रविदास जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुधवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित वेबिनार में केंद्रीय सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविवद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने की। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरेंद्र ने कहा कि ईश्वर हर जगह विद्यमान है और हमें मानव व मानवता से प्रेम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भूमि वीर सपूतों की भूमि है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने मंत्री महोदय का स्वागत करते हुए कहा कि यह

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**


**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 17-02-2022**


# गुरु रविदास जयंती पर हकेवि में कार्यक्रम किए आयोजित

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

**चंडीगढ़।** गुरु रविदास जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित इस वेबिनार में केंद्रीय सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मंत्री विरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविवद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर हर जगह विद्यमान है और हमें मानव व मानवता से प्रेम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की भूमि वीर सपूतों की भूमि है। मैं यहां पर इस विश्वविद्यालय में जुड़कर अपने आप को युवा महसूस कर रहा हूँ। इस



विश्वविद्यालय ने थोड़े समय में जो तरक्की की है वह प्रशंसनीय है। इसका प्रमाण यहां देश के विभिन्न राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के अध्ययनरत विद्यार्थी व 70 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित होना है। यह विश्वविद्यालय प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में दिन दुगनी रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि विश्वविद्यालय व सरकार का एक ही लक्ष्य है कि किस तरह से अंत्योदय की भावना के साथ सभी का कल्याण किया जाए व सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सपने को साकार किया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय गुरु रविदास जी के सपनों को पूर्ण रूप से साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी में परमात्मा विद्यमान है। जरूरत है उसे ढूंढने की। मानवता की सेवा करते हुए हम परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय सामाजिक संदेश देने में व सामाजिक जागरूकता फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।